अध्याय पंचम

5 वर्तमान समय में नेवारी संगीत की स्थिति एवं प्रयोग

5.1 नेवारी संगीतज्ञों का साक्षात्कार

5.2 जनमानस में नेवारी संगीत की लोकप्रियता

5.3 प्रचलित नेवारी गीतों की स्वरलिपियाँ

पंचम अध्याय :- वर्तमान समय में नेवारी संगीत की स्थिति एवं प्रयोग

समय के मुताबिक इस सृष्टि में हर कार्य परिवर्तनशील होता है। ऐसे परिवर्तनशील समय अनुरूप नेपाल की नेवारी जाति द्वारा गाया बजाया जाने वाला नेवारी संगीत वर्तमान स्वरूप में आते आते कई परिवर्तन स्पष्ट कर रहा है। नेवारी संगीत की प्राचीन काल की बात करे तो ईसा पूर्व नेपाल में नेवारी जाति का निवास रहा है ऐसा विद्वानों का मानना हैं। विशाल देश चीन और भारत के बीच में व्यापारिक सम्बन्ध को जोड़ने का काम नेपाल उपत्यका का मार्ग बना। इस दौरान दोनों देश के लोग आने जाने के क्रम में उपत्यका में धीरे-धीरे उसी समाज में घुलमिल होकर रहने लगे। इसी कारण उपत्यका में चली आ रही परंपरा, संस्कृति, संगीत आदि में अवश्य ही उतारचढ़ाव आया होगा। इतिहासकारों के अनुसार सब से पहले गोपालवंशी से लेकर महिषपाल फिर किरात काल और उसके बाद मल्लकाल फिर शाहकाल, राणाकाल फिर से शाहाकाल और अभी वर्तमान समय में गणतन्त्र शासन में आते आते नेवारी संगीत के स्वरूप में भाषा, शैली इत्यादि प्रस्तुतीकरण में नवीनता अवश्य देखने को मिलती है। हालांकी प्राचीन समय से चली आ रही नेवारी मुख्य गायन शैली दाफा भजन, परंपरागत वाद्य वादन, तथा नृत्य की रोचक प्रस्तुतियाँ अभी भी देखने सुनने को मिलती हैं परंतु इन शैली में भी परिवर्तित स्वरूप अवश्य ही पाया जा सकता है। यही कला कौशल, परम्परागत संस्कृति एवं संगीतकला वर्तमान समय में भी नई पीढ़ी में किस तरह समाया हुआ है, वे अपने कला संगीत को विस्तार करने में किस प्रकार के प्रयास कर रहे हैं और कितना रुचि दे पारहे हैं, इस तरह की जानकारी के लिए शोधार्थिनी द्वारा वर्तमान समय में नेपाल उपत्यका काठमांडू, ललितपुर एवं भक्तपुर जिलों में इस प्रकार जानकारी को इकठ्ठा करने की कोशिस की है:

5.1 नेवारी संगीतज्ञों का साक्षात्कार

5.2 जनमानस में नेवारी संगीत की लोकप्रियता

5.3 प्रचलित नेवारी गीतों की स्वरलिपियाँ

5.1 नेवारी संगीतज्ञों का सक्षात्कार :

नेपाल का नेवारी संगीत एक प्रचलित लोक संगीत प्रकार है। विभिन्न संगीतज्ञों के अनुसार नेवारी संगीत की शुरुवात प्राचीन समय से चली आ रही है जो वर्तमान समय में भी उतनी ही प्रख्यात रूप में सुन सकते है और देख सकते हैं। इस संगीत परंपरा को निरंतर स्वरूप देने में मौखिक शिक्षण को अपनाया गया है। संभवतः इसी कारण से इस विषय पर लिखित रूप में अत्यंत कम मात्रा में जानकारी उपलब्ध है। इसी को मध्यनज़र रखते हुए प्रस्तुत अध्याय में नेवारी संगीत से जुड़े हुए कलाकारों जिनका नेवारी संगीत से प्रत्यक्ष संबंध है, ऐसे कलाकारों से प्राचीन एवं पारंपरिक मौखिक परम्परा और उनकी वर्तमान समय में क्या स्थिति है, इस संगीत का क्या भविष्य है इत्यादि विषय पर चर्चा एवं परिचर्चा की गयी है। नेपाल उपत्यका के विभिन्न कलाकार, दाफा गुरु, वाद्य गुरु, लोक गायक, अनुसंधानकर्ता इत्यादि से लिया गया साक्षात्कार का विस्तृत रूप निम्नलिखित है:

वरिष्ठ वाद्य वादक – 'न्हुंच्छे बहादुर दंगोल'

प्रश्न : आपका परिचय ?

उत्तर : मैं प्रो. न्हुंच्छे बहादुर डंगोल। मेरा जन्म वि. सं. 2005 में काठमांडू जिला त्यौड टोल में हुआ है।

प्रश्न : आप ने कब से नेवारी संगीत सीखना शुरू किया ?

उत्तर : मेरे दादा और पिता दाफा संगीत के गुरु थे। घर का वातावरण हमेशा संगीतमय होता था। इसलिए मैने बहुत छोटी उमर में ही अपने पिता से नेवारी संगीत गाना तथा बजाना सीखना शुरू किया था।

प्रश्न : संगीत प्रस्तुति कब से प्रारम्भ की ?

उत्तर : मैं बचपन से अपने पिता के साथ दाफा भजन समूह में जाता था। पिता के साथ हरेक कार्यक्रम में जाता था और अपनी प्रस्तुति भी देता था। मुझे लगता है मैंने वि. सं. 2008 साल से ही सांगीतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देना शुरू की थी। उन प्रस्तुतियों में वाद्य वादन के साथ साथ गायन, नृत्य और नाटक में भी प्रस्तुति देता था। मैंने बचपन से ही छोटे और बढ़ा मंच पर कार्यक्रम किए जैसे वि. सं. 2013 में पहली बार श्री ५ महाराजधिराज महेन्द्रवीरविक्रम शाह के राज्याभिषेक के अवसर में आयोजित सभा में नेवारी नाटक 'कङ्गा' में नेवारी संगीत जगत के वरिष्ठ कवि दुर्गालाल श्रेष्ठ एवं नेवारी लोक गायक भृगुराम श्रेष्ठ के साथ मिलकर नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया था।

प्रश्न : आप नेवारी वाद्य का वरिष्ठ वादक हैं इसलिय नेवारी संगीत के दाफा संगीत के बारे में क्या कहेंगे ?

उत्तर : दाफा संगीत प्राचीन समय से प्रचलित नेवारी संगीत में ईश्वर की प्रार्थना के रूप में गाई जाने वाली गायन शैली है। यह भक्ति रस प्रधान गायन है। मुझे इस संगीत के साथ जुड़े रहने में सुकून मिलता है। दाफा संगीत नेवारी संगीत को पहचान दिलाने वाला मुख्य संगीत मान सकते है।

प्रश्न : दाफा संगीत की प्रचलन कब से हुआ ?

उत्तर : दाफा संगीत की प्रचलन के बारे में यकीनन तो नहीं कह सकता परंतु विभिन्न विद्वानों के मतानुसार इस संगीत की ब्यापकता मध्य काल के मल्ल शासन काल से मानी गयी है। अगर वर्तमान समय में दाफा समूह में गाई जाने वाली भजन के पदों को देखा जाए तो उसमे मल्ल राजाओं का नाम एवं वर्ष उल्लेखित मिलता है। इस आधार पर हम अनुमान कर सकते है कि दाफा संगीत की तीव्रता मल्ल काल ही होनी चाहिए।

प्रश्न : दाफा संगीत में क्या गाया जाता है ?

उत्तर : दाफा संगीत एक भक्ति संगीत है जिसमें शास्त्रीय राग में निबद्ध भजन को गया जाता है। इसके अलावा बारहमासा गीत भी गाया जाता है। बारहमासे गीत के अंतर्गत प्रत्यक ऋतु के अनुसार अलग अलग धुन में अलग अलग पद गाए जाते है। दाफा संगीत का शुरुवाती महीना गुंला माना जाता है जो श्रावण महीने में पड़ता है। इस महीने से दाफा संगीत में हरेक महीना ऋतु एवं चाडपर्व जात्रा के अनुसार दाफा गीत गाया जाता है।

प्रश्न : दाफा संगीत में किन वाद्यों का प्रयोग किया जाता है ?

उत्तर : इस संगीत में मुख्य रूप से खिं, तिनछुक, ख्वालमली, पोंगा इत्यादि वाद्य का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान समय में हारमोनियम, कीबोर्ड, भ्वायोलिन आदि वाद्यों का भी समावेश करने लगे हैं।

प्रश्न : नेवारी जनजीवन में वाद्य का महत्व कितना है ?

उत्तर : नेवारी जाति के हरेक संस्कार में संगीत समाया हुआ है जैसे जन्म से लेकर मृत्यु पर्यान्त संगीत से जुड़ा होता है। अगर किसी के घर में शंक बजाया जाए तो पूजा कार्य को दर्शाता है। अगर नेवारी नाय् खिं और काँ वाद्य बजाते है तो किसी के देहान्त की घटना जानते है। मंदिर में नित्य पूजा वाद्य वादन के साथ की जाती है जिस्से हमे दुर होते हुए भी पूजा के समय का भान हो जाता है। प्राचीन काल से लेकर अभी

भी नगर में कोई मुख्य सूचना देनी हो तो नाय् खीं वाद्य का प्रयोग किया जाता है जिस्से नगरवासीयों को सूचना मिलती है। इस तरह अन्य कई संस्कार में नेवारी वाद्यों की अहम भूमिका है।

प्रश्न : नेवारी संगीत के उत्थान के लिए अब तक आपका क्या प्रयास रहा है ?

उत्तर : मैंने बचपन से ही नेवारी संगीत सीखकर अपना प्रस्तुति देना शूरु किया था। उसी क्रम में वि. सं. 2029 में मैंने अध्यापक के रूप में त्रिभुवन विश्व-विध्यालय अंतर्गत पद्यमकन्या क्याम्पस में लोक गीत विषय सिखाना शुरू किया। नेवारी संगीत की उत्थान और प्रचार-प्रसार हेतु देश विदेश में जाकर अपनी प्रस्तुति एवं विदेशियों को तालीम देने का कार्य कर रहा हूँ। मैंने अभी तक पच्चीस देशों में अपनी प्रस्तुति दी हैं। अपने देश में नेवारी संगीत के उत्थान के लिए सन 2018 से विभिन्न विद्यालयों के पाठ्यक्रम में नेवारी संगीत की शिक्षा प्रारम्भ की है, जिसमें शास्त्रिय और क्रियात्मक संगीत दोनों सिखाया जाता है।

प्रश्न : आप बचपन से राजदरबार से जुड़े थे, तो आपके अनुभव के अनुसार क्या दरबार में नेवारी संगीत को प्राथमिकता दी जाती थी ?

उत्तर : मैं जहा तक जानता हूँ कि मध्यकाल के बाद शाह तथा राणाकाल के समय था। राणाकालीन राज्य समय में भारत से संगीतज्ञों को बुलाकर शास्त्रीय संगीत कि प्रस्तुतियों को ज्यादा महत्व देने लगे। फिर जब राणाकालीन समय समाप्त होकर पुनः शाह काल आया जिसमे त्रिभुवन वीरविक्रम शाह राजा थे, उनके समय से दरबार में शास्त्रीय संगीत के साथ साथ नेपाली जनजातियों के संगीत को भी महत्व दिया जाने लगा। दरबार की पुजा विधि में नेवारी समूह को वाद्य वादन बजाने के लिए विशेष निमंत्रण किया जाता था। नेवारी संगीत के अंतर्गत भैरव नृत्य, विभिन्न नेवा नाटक, गीत-संगीत इत्यादि के कार्यक्रम भी होते थे। यह परम्परा वीरेन्द्र वीरविक्रम शाह काल वि. सं. 2058 तक निरंतर चली। इस तरह मध्यकाल के मल्ल शासन के बाद शाह राज्य काल में भी नेवारी संगीत को स्थान एवं सम्मान दिया गया।

प्रश्न : नेवारी संगीत की उठान के लिए किन बातों पर ध्यान देना चाहिए ?

उत्तर : नेवारी संगीत केवल नेपाल में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी फैलना शुरू हो गया है। इसलिए कई देश जैसे जर्मन, फ़्रांस, इंग्लैंड, स्विडेन आदि के लोग यहां आकार नेवारी संगीत, कला एवं संस्कृति विषय में शोध एवं अनुसंधान करके गए हैं। अनेक विदेशी लोग नेवारी भाषा एवं वाद्य वादन का आध्ययन करके गए हैं। यह हमारे लिए सम्मान एवं गौरव की बात है। इस गौरव को भावी पीढ़ियों तक पाहूंचाने के लिए एवं देश की संस्कृति परंपरा को मजबूत करने के लिए केवल स्थानीय समुदाय ही नहीं बल्कि नेपाल सरकार की तरफ से भी भरपूर और निरंतर साथ देना होगा। पर्येटकीय क्षेत्र नेपाल में सभी जातियों की

कला एवं संगीत परंपरा कायम होने से देश की आर्थिक स्मृद्धि भी सम्भव होगी। इसलिए नेवारी संगीत की विभिन्न विधाओं पर शोध अनुसंधान एवं उचित विचारों से इसकी सहमति बनानी होगी। 'प्राचीन काल से केवल मौखिक रूप में सिखाया गया' इस प्रचलन को गुरुओं द्वारा मिलकर लिखित रूप देकर सिखाने का प्रचलन करना होगा। वर्तमान पीढ़ियों को इस संगीत के प्रति प्रोत्साहन देकर शिक्षा देनी चाहिए। विश्वविद्यालय के संगीत विभाग में लोक संगीत को प्राथमिकता देकर पाठ्यक्रम बनाना होगा। तब जाके हमारी देश की नेवारी संगीत परंपरा का भविष्य सुनिश्चित करने में मदद होगी।

राष्ट्रीय जनवादी कलाकार – ' राम कृष्ण दुवाल '

प्रश्न : आपका परिचय ?

उत्तर : मैं राम कृष्ण दुवाल। मेरा जन्म स्थान काठमांडू कीर्तिपुर पाँगा है। जनमानस में मुझे राष्ट्रीय जनवादी कलाकार के रूप में जानते है।

प्रश्न : नेवारी संगीत के विषय में क्या कहेंगे ?

उत्तर : नेवारी संगीत नेवारी जाति की पहचान है, गौरव है और इस जाति के लिए वरदान स्वरूप है, क्योंकि नेवारी संगीत के जरिए केवल नेपाल में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाने की क्षमता इस संगीत में है। नेवारी जाति की संगीत परम्परा एवं संस्कृति ही नेवारी जाति का दर्पण है।

प्रश्न : नेवारी संगीत कब से शुरू हुआ है ?

उत्तर : मेरा अध्ययन और खोज अनुसार नेवारी संगीत की उत्पत्ति नेपाल के गोपालवंश के शासन काल से मान सकते है। उसके बाद यकीन के साथ कह सकते है कि मध्यकाल के मल्ल शासन समय में नेवारी संगीत का प्रचार प्रसार एवं साधना जोड़ तोड़ के साथ हुई है। मल्ल काल को नेवारी संगीत एवं संस्कृति तथा अन्य चीजों के लिए स्वर्णिम युग कहा गया है। मैं भी इसी बात से सहमत हूँ क्योंकि उस स्वर्णिम युग के कारण ही वर्तमान समय तक हम जो जितना कर पारहे है उसी की बदौलत है।

प्रश्न : नेवारी संगीत और दबली(मंच) का क्या संबंध है ?

उत्तर : दबली वह स्थान है जहां नेवारी गीत, वादन, नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किए जाते हैं। नेवारी संगीत परम्परा को कायम रखने के लिए जिस तरह गुरु शिष्य परम्परा में शिक्षा दी जाती है उसी तरह कला प्रस्तुति करने के लिए हरेक नेवारी पुरानी बस्तियों के मुख्य मुख्य स्थानों में दबली बनी होती है। मेरे विचार

में दबली का निर्माण मल्ल काल में हुआ होगा। दबली मञ्च है जो जमीन की सतह से एक या दो मिटर ऊंचा होता है। इसका आकार चार कोने का होता है। दबली का सीधा संबंध नेवारी संगीत परम्परा, संस्कृति तथा कला के साथ जुड़ा होता है। कला को सीखने के साथ साथ प्रदर्शन करना भी नितांत आवश्यक होता है इसीलिय नेवारी समाज में दबली का निर्माण किया गया होगा।

प्रश्न : नेवारी संगीत का प्रशिक्षण किस तरह किया जाता है ?

उत्तर : नेवारी संगीत का प्रशिक्षण प्राचीन काल से ही मौखिक रूप में चला आ रहा है परंतु वर्तमान समय में कुछ कुछ स्थानों में लिखित रूप में भी सीखाना शुरू किया है जो बहुत अच्छी बात है। परंतु धार्मिक विश्वास और आस्था के कारण गुरु अपने शिष्य के अलावा अन्य लोगों को बताने में रुचि नहीं रखते हैं। यह बात ज़्यादातर वाद्य वादन में होती है। नेवारी संगीत में अत्यंत प्रचलित अवनद्य वाद्य नाय् खिं है जो मृतक शव को अंतिम यात्रा में ले जाते समय बजाया जाता है। इस समय बजाया जाने वाले नाय् खिं बोल को घर में नहीं बल्कि शव यात्रा के समय ही गुप्त रूप में गुरु अपने शिष्य को सिखाते हैं। इस तरह नेवारी वाद्यों का प्रशिक्षण घर में तथा बहार चलते चलते भी सिखाने की परम्परा है।

नेवा: देय् दबू के वाद्य प्रशिक्षक – 'शेष नारायण महर्जन'

प्रश्न : आपका परिचय ?

उत्तर : मैं शेष नारायण महर्जन काठमांडू महा-नगरपालिका वडा नं. 16 नयाँबजार में निवास करता हूँ। मैं 'नेवाः देय् दबू' तथा अन्य विभिन्न स्थान के संस्था में वाद्य प्रशिक्षण के रूप में काम करता हूँ।

प्रश्न : आप वाद्य प्रशिक्षण के साथ साथ अन्य किस कार्य में संलग्न है ?

उत्तर : मैं विभिन्न स्थान में नेवारी परंपरागत वाद्य जैसे पछिमा, धिमे, बांसुरी इत्यादि सिखाता हूँ। इसके अलावा गाना सिखाना, गाना में संगीत देना और गायन भी करता हूँ।

प्रश्न : वाद्य गुरु के नाते विभिन्न प्रचलित नेवारी वाद्यों में से किस वाद्य को प्रमुख वाद्य मान सकते है ?

उत्तर : मेरे विचार में विभिन्न गुरु के कथ्यों से, सुने हुए आख्यानों से, 'धिमे' वाद्य को प्राचीन और मुख्य वाद्य के रूप में मान सकते है। इस वाद्य का मुख्य वादक नेवारी जाति के महर्जन लोग जिसे 'ज्यापू' नाम से जाना जाता है। बुजुर्क लोग से सुनने में आता है कि प्राचीन समय से ही नेपाल उपत्यका में नेवार जाति रहते थे और वह लोग खेत में काम करके जीवन-यापन करते थे। उस समय नकारात्मक ऊर्जा के कारण

अपनी दिनचर्या में बाधा होती थी इसलिय धिमे वाद्य का आविष्कार किया गया होगा। इस वाद्य की ध्वनि बहुत बडी होती है और साथ में भुस्या(घन वाद्य) वाद्य भी बजाया जाता है। जिसे बजाकर नकारात्मक उर्जा को भगाने के लिए मदद मिलती होगी। तब से यह वाद्य प्रचलन में आया ऐसा मानते है। यह वाद्य सुनने में से मन में उत्साह, उमंग का अनुभव होता है।

प्रश्न : क्या आपने वाद्य के संबंधित पुस्तक भी प्रकाशन किया है ?

उत्तर : जी मैंने वाद्य तथा दाफा गीत संबंधित पुस्तक प्रकाशन किया है जैसे

1 परंपरागत पुखुद्य त्वा: या दाफा म्ये सफू

2 चिग्व: धिमेया बोल सफू

3 पछिमा बोल लिपिया सफू

4 तग्व: धिमे बोल लिपि

5 खिंया बोल

6 बांसुरी स्वरलिपिया भाग 1,2,3 और 4

प्रश्न : हरेक नेवारी संगीत समूह में क्या क्या समानता और विभिन्नता पाए जाते है ?

उत्तर : नेवारी संगीत समूह अर्थात दाफा समूह तथा विभिन्न प्रकार के समूह आते है। सभी समूह में सर्वप्रथम नासः द्य(भगवान) की आराधना से ही गायन तथा वादन का आरम्भ किया जाता है। और अन्त में भी उन्ही को प्रार्थना करके सम्पन्न किया जाता है। दाफा गुरु को उच्च पद एवं सम्मान के साथ मानते हैं। दाफा की पुस्तके प्राचीन समय से चली आ रही हैं वही से गीत लेकर गायन करते हैं। परंतु विभिन्नता को देखे तो हरेक स्थान के दाफा गीत की पदें, राग की नाम, ताल के बोल एवं विस्तार तरीका, बजने का ढंग कम ज्यादा रूप में भिन्न पाया गया है। इस का मुख्य कारण शायद गुरु के सिखाने का तरीका भिन्न भिन्न हो सकता है। परंपरागत रूप में चली आ रही मौखिक तरीका के कारण पदों में या गाने में अंतर आया हो ऐसा मान सकते है। सम्पूर्ण दाफा संगीत में प्राय: सात ताल प्रमुख रूप में प्रयोग किया हुआ देख सकते है परंतु उसके भी बोल, स्थान अनुसार भिन्न पाए गए है।

नेपाली संस्कृति एवं अनुभवी पारखी विद्वान, अन्वेषक एवं लेखक –

'गणेशराम लाछि'

प्रश्न : आप का परिचय ?

उत्तर : मैं गणेशरम लाछि, मध्यपुर ठिमी में रहता हूँ। मुझे अपनी सांस्कृतिक सम्पदा के विषय में लेख लिखना पसंद है इसलिए लोग मुझे लेखक के रूप में जानते है।

प्रश्न : आप नेवारी संगीत को किस तरह ब्याख्या करेंगे ?

उत्तर : विश्व में संगीत अलग अलग प्रकार एवं ढंग से चलते आए हैं। संगीत की उत्पत्ति एवं उसकी विस्तार निश्चित ही कहीं न कहीं एक स्थान से शुरू हुआ होगा। हमारे देश नेपाल में भी संगीत को अपने तरीके से अपनाया होगा। नेपाल में प्रवेश किया हुआ संगीत नेवारी जनजाति ने भी प्राचीन समय से अपने परंपरा, रीतिरिवाज इत्यादि अपने ही तौर तरिके से विकास करते गए होंगे और अभी भी इस संगीत की निरंतरता है, जो सम्पूर्ण नेपाल में पहचान के रूप में हमारे साथ मौजूद है।

प्रश्न : नेवारी संगीत का मुख्य गायन कौन सा है ?

उत्तर : नेवारी संगीत में मुख्य गायन प्राचीन समय से चली आ रही शास्त्रीय राग एवं ताल में निबद्ध 'दाफा गायन' ही है। दाफा गायन केवल एक प्रकार का गायन ही नहीं बल्कि पूरे नेवारी समाज की गतिविधियां एवं संस्कार का दर्पण है।

प्रश्न : दाफा संगीत में गुरु की भूमिका क्या-क्या होती है ?

उत्तर : दाफा संगीत में गुरु की भूमिका उच्च मानी जाती है। सम्पूर्ण दाफा गायन तथा वादन को सिखाना, प्रस्तुति के समय सम्पूर्ण रूप में ज़िम्मेदारी लेने के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। समाज में दाफा गुरु को उच्च स्थान दिया जाता है। मुझे लगता है की आज से बीस तीस वर्ष पहले तक दाफा गुरुओं को सामाजिक जनजीवन के नीतिनियमों के निर्णय, समाज में हुए कोई वादविवाद को सुलझाने इत्यादि कार्यों में मुख्य सहभागी के रूप में बुलाया जाता था। दाफा गुरु द्वारा किए गए निर्णय को उच्च मान्यता दिया जाता था परंतु वर्तमान समय में यह परंपरा कम होने लगी है। इतना ही नहीं दाफा समूह के सदस्य कुछ दुसरे सांगीतिक कार्यक्रम जैसे नृत्य प्रस्तुति, आर्थिक एवं श्रम का सहयोग देने में भी तत्पर होते थे। श्रम इस प्रकार की है कि नेवारी जाति का मुख्य पेशा ब्यापार एवं खेती है इसलिए अन्न बाली की खेती के समय दाफा समूह खेती में संलग्न ब्यक्तियों की श्रम में मदद करते थे। इन सभी कार्यों

को ब्यवस्थित रूप में करने का काम भी गुरु ही करते हैं। इसलिए दाफा संगीत में गुरु को श्रेष्ठ माना जाता है।

प्रश्न : वर्तमान समय में दाफा संगीत प्रति युवाओं की रुचि कितनी है ?

उत्तर : पहले के तुलना में वर्तमान समय में दाफा संगीत प्रति युवाओं के रुचि घटती हुई नज़र आती है। इस का मुख्य कारण युवाओं में पश्चिमी संगीत का प्रभाव ज्यादा बढ्ने लगा है। अपने परंपरागत संगीत के महत्व को कम समझना और युवाओं की रुचि के अनुसार नवीन ढंग अपनाकर सिखाने की प्रविधि का अभाव भी हो सकता है।

प्रश्न : नई पीढ़ी को किस तरह दाफा संगीत प्रति आकर्षित कर सकते है जिस्से इस संगीत का संरक्षण हो सके ?

उत्तर : सर्वप्रथम नई पीढ़ी को सीखाने से पहले नेवारी संगीत में जुड़े हुए गायक तथा वादकों को उचित निकाय से उनकी कार्य को सम्मान करे और आर्थिक रूप में सहयोग करने की व्यवस्था बनाएं। आर्थिक सहयोग इस कारण कि प्राचीन काल में कई दाफा समूह को जमीन दिया हुआ है तो कई को नहीं। अब की स्थिति में ऐसा है कि उन संस्था को संचालन के लिए पहले दी गई जमीन को छीन लिया गया। इसलिए उचित निकायों से अपनी कला, संस्कृति के उत्थान एवं संरक्षण के लिए आर्थिक कोष बनाना और वार्षिक बजेट की व्यवस्थापना करनी चाहिए। इस के बाद भविष्य तक अपनी संगीत एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए आज के युवाओं को इस संगीत प्रति किस प्रकार रुचि बढ़ा सकते है उन तरीकों से दाफा संगीत का कोर्स बनाना चाहिए। नई प्रविद्धियों को अपनाकर स्कूल, कालेज में कार्यक्रम रखकर इस संगीत के प्रति आकर्षित करसकते हैं। केवल स्थानीय समूह से ही नहीं बल्कि सरकार की ओर से भी इस संगीत को विस्तार करने में मदद करनी होगी जैसे नई पीढ़ीयों को सिखाने के बाद उनकी कला प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की आयोजना करके उनका हौसला बढाना चाहिए। नेपाल पर्यटकीय क्षेत्र है इसलिए अपने देश में आए हुए पर्यटकों के स्वागत के लिए अपने ही मौलिक वाद्य वादन तथा गीत का प्रयोग कर सकते हैं। इस संगीत की खोज एवं अनुसंधान कार्य के लिए संगीत प्रेमियों को हौसला देते रहने से क्रियात्मक पक्ष के साथ साथ इस संगीत का शास्त्रिय पक्ष भी मज़बूत होगा परिणाम स्वरूप नेवारी संगीत को लम्बे समय तक संरक्षण करने में अवश्य ही सहयोग होगा।

प्रश्न : दाफा संगीत की गायकी में विभन्नता के बारे में आप क्या कहेंगे ?

उत्तर : दाफा गायन या बजाने के तरिके में सभी स्थान जैसे कीर्तिपुर, भक्तपुर, ललितपुर, ठिमी आदि नेवारी बस्तियों में थोडी बहुत विभिन्नता जरूर पायी जाती है। इसका मुख्य कारण यह हो सकता है कि भिन्न भिन्न स्थानों के रहन-सहन, दिनचर्या, बोली- भाषा आदि में अंतर होता है। सिखाने के गुरु अलग होते हैं। परंतु सभी दाफा समूह में जो प्रस्तुति की जाती है उसका एक ही भाव है, भक्तिभाव जो नेवारी समाज को भक्ति रस में जोड़ने का कार्य करता है।

लोकप्रिय संगीतकार एवं गायक – 'गुज्जे मालाकार'

प्रश्न : आप का परिचय ?

उत्तर : मैं गायक तथा संगीतकार गुज्जे मालाकार, कीर्तिपुर काठमांडू में रहता हूँ। मैं विभिन्न संस्था तथा विद्यालय में संगीत शिक्षक के रूप में कार्यरत हूँ।

प्रश्न : आप ने किस प्रकार के गीत में संगीत दिया है ?

उत्तर : मैंने कई नेवारी तथा नेपाली गीत में संगीत दिया है जैसे प्रेम गीत, राजनैतिक परिवर्तनशील जनगीत, बाल गीत, भक्तिरस प्रधान गीत इत्यादि।

प्रश्न : नेवारी संगीत ने राजनैतिक परिवर्तन में मदद किया है, किस प्रकार ?

उत्तर : अवस्य ही किया है। मुझे लगता है प्राचीन समय से ही संगीत के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तन करने का कार्य हुआ होगा। मुझे याद है कि नेपाल में बहुदलीय शासन आने से पहले क्रूर पंचायत काल था। उस समय जो नेताओं ने खुलकर जनता को नहीं बता पाया वह बात संगीत के जरिए जनता को समझाया था। नेवारी तथा नेपाली दोनों प्रकार के जनगीत जनता के मन को छूने में सफल हुए थे। और अव्यवस्थित राजनीति को सुलझाने में सभी को सचेत करके परिवर्तन करने का कार्य किया था। इसलिए नेवारी संगीत प्रकार में से जनगीत प्रकार का भी अलग सा महत्व मान सकते है।

प्रश्न : नेवारी संगीत में कितने प्रकार के गीत गाए जाते हैं ?

उत्तर : नेवारी संगीत में मुख्य तथा प्राचीन संगीत दाफा संगीत, चर्या गीत इत्यादि है जिस में विभिन्न भगवान की आराधना की जाती है। दाफा संगीत के बाद बारह महीने में गाई जाने वाले बरहमासा गीत प्रचलित है जिसमे गुंला, यंला, मालश्री, वसंत, होरी, घातु, सिन्हाज्या इत्यादि गीत गाए जाते हैं। इसके

अलावा नेवारी प्रचलित लोक गीत और वर्तमान समय में प्रचलित फिल्मी तथा एलबम नेवारी गीत इत्यादि प्रकार प्रचलित है।

दाफा गुरु – 'टेक बहादुर डंगोल' (हाडीगाउँ)

प्रश्न : आपका परिचया ?

उत्तर : मैं टेक बहादुर डंगोल, हाडीगाउँ काठमांडू दाफा भजन समूह में दाफा गुरु हूँ।

प्रश्न : हाडीगाउँ में कितने दाफा संगीत समूह है ?

उत्तर : यहाँ पे मुख्य तीन दाफा समूह है जिसमें अलग अलग गुरु हैं।

प्रश्न : दाफा संगीत क्या है ?

उत्तर : दाफा संगीत परापूर्व काल से चली आ रही भक्ति संगीत परम्परा है। इस में गायन करने के पूर्व राग आलाप किया जाता है। सर्वप्रथम गुरु शुरुवात करते हैं और बाकी के लोग दोहोराते हैं। इस प्रकार यह गायन नियम पूर्वक वाद्य वादन के साथ किया जाता है।

प्रश्न : दाफा संगीत गाने के लिए कितने जन होना आवश्यक है ?

उत्तर : दाफा संगीत गाने के लिए कम से कम दश या बारह जन होना आवश्यक है क्योंकि यह समूह गायन है। इस में गायकों के साथ साथ वाद्य वादकों की भी आवश्यक होती है।

प्रश्न : हाडीगाउँ में दाफा भजन की प्रचलन कितनी है ?

उत्तर : यहा पे मुझे लगता है कि पहले की तुलना में दाफा गायन तथा वादन के प्रचलन में कमी होने लगी है। वर्तमान पीढ़ियां अपने अपने काम में व्यस्त रहते हैं। पुराने जितने लोग है वही इस परम्परा को चला रहे है। यह हमारी संगीत की पहचान है इसलिए नई पीढ़ी कों उनकी रुचि के अनुसार सिखाएँगे तो ही इस संगीत का भविष्य बना रहेगा।

प्रश्न : इस संगीत के प्रचलन के बारे में आप क्या जानते है ?

उत्तर : दाफा संगीत की शुरुवात के बारे में तो नहीं पता है परंतु हमारे गुरुजनों का कहना है कि मल्ल काल से प्रचलित गायन शैली है क्योंकि दाफा गायन की रचनाएं देखेंगे तो इस में मल्ल राजाओं के नाम और समय लिखे होते है।

प्रश्न : दाफा गायन में कौन कौन सी भाषा का प्रयोग किया है ?

उत्तर : दाफा रचना में नेवारी, मैथिली, हिन्दी, संस्कृत भाषा का प्रयोग किया है। कुछ कुछ रचना में दोनों भाषा मिश्रित भी पायी गयी हैं।

प्रश्न : यहाँ के दाफा संगीत और अन्य स्थानों के दाफा संगीत में क्या अंतर है?

उत्तर : मुझे लगता है दाफा गायन की बात करे तो इस में राग में निबद्ध रचना गायी जाती है। हरेक रचना में अलग अलग राग होता है जिसे हम गवारा और चालिं कहते है। इस में खिं, ताः, बभू और पोंगा वाद्य संगत में प्रयोग करते है। और ताल की बात करे तो मुख्य सात ताल बजाया जाता है। इसी प्रकार अन्य नेवारी बस्ती में भी दाफा तथा भजन गाने की चलन है। इस में केवल हरेक स्थान की ग्वारा गायन की पदों में, राग का नाम और ताल बजाने के तरीका और बोल इत्यादि में अंतर पाया जाता है। क्योंकि हाडीगाउँ के तीन प्रमुख दाफा समूह में ही थोडी बहुत भिन्नता पायी गई है।

प्रश्न : यहाँ के दाफा संगीत संचालन के लिए आर्थिक श्रोत क्या है ?

उत्तर : पहले के समय में दाफा संगीत समूह संचालन करने के लिए जमीन होती थी। परंतु अभी उन जमीन को बेचकर पैसा बैंक में डाला गया है। उसी की ब्याज से इस समूह कों चला रहे हैं परंतु अभी की महंगाई के दृष्टिकोण से केवल ब्याज से चलाना मुस्किल हो गया है। इसलिए दाफा समूह के व्यक्ति मिलकर पैसा जमा कर के भी इस संगीत परम्परा को निरंतरता देने का प्रयास कर रहे हैं। वर्तमान समय में 'ज्यापू माह गुठी' करके संस्था है। उस संस्था द्वारा वर्ष भर में एक या दो बार आर्थिक सहयोग मिलने लगा है जो सकारात्मक पक्ष है।

प्रश्न : दाफा संगीत उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजना होता है ?

उत्तर : जी कभी कभी कुछ संस्था द्वारा नेवारी संगीत की उत्थान एवं संरक्षण के लिए कार्यक्रम होता है। जैसे 2017 में काठमांडू वसंतपुर में दाफा महोत्सव किया था। जिस में प्राय: सम्पूर्ण नेवारी बस्तियों से अपनी दाफा गायन प्रस्तुति के लिए सहभागी सम्मिलित हुये थे।

'ज्यापू समाज यल' प्रत्रिका का कार्यकारी सम्पादक – 'काजीमन डंगोल'

प्रश्न : आपका परिचय ?

उत्तर : मैं काजीमन डंगोल, ललितपुर इमाडोल में रहता हूँ। हाल 'ज्यापू समाज यल' पत्रिका में कार्यकारी सम्पादक के रूप में कार्यरत हूँ। मैं दाफा भजन में वाद्य वादन भी करता हूँ।

प्रश्न : नेवारी संगीत में मुख्य गायन कौन सी है ?

उत्तर : नेवारी संगीत में प्राचीन समय से जो चली आ रही गायन दाफा संगीत परम्परा है इसलिए दाफा संगीत ही मुख्य एवं आधार गायन शैली माननी चाहिए।

प्रश्न : दाफा संगीत की उत्पत्ति के विषय में क्या कहेंगे ?

उत्तर : विभिन्न विद्वानों के अनुसार आज से दो हजार वर्ष पूर्व ही लिच्छवि काल में दाफा संगीत की शुरुवात मानी गई है परंतु उपलब्ध तथ्य नहीं होने के कारण मल्ल काल में नेवारी संगीत का जिक्र ज्यादा होने से इसी काल का दाफा संगीत का विकास काल माना हुआ है।

प्रश्न : आप दाफा संगीत को किस प्रकार व्याख्या करेंगे ?

उत्तर : सब से पहले तो दाफा शब्द के बारे में मुझे जो लगता है वह बताना चाहूंगा कि नेवारी संगीत में ज़्यादातर वाद्यों का नाम 'द' से है जैसे दबदब, दम: खिं, द्यो खिं इत्यादि। नेवारी भाषा में 'ड' को 'द' उच्चारण किया जाता है। संस्कृत में 'ड' का अर्थ शिव भगवान का प्रतीक मानते है। नेवारी संगीत में नास: द्य(भगवान) को संगीत के पहला गुरु के रूप में पूजते है जो शिव भगवान का ही दूसरा रूप मानते हैं। इस प्रकार द अक्षर से दफा फिर दापा और अभी दाफा के रूप में प्रचलन हुआ ऐसा मेरा तथा अन्य कई दाफा गुरुओं का मानना है। अब दाफा शब्द का अर्थ है यह समूह गायन है जिसमे गुरु को मध्य स्थान में रखकर गुरु के दाई और बाई दो समूह बनाकर जैसे गुरु गाए उसी को दोहोराकर राग के सुर और ताल के साथ गायन करना होता है। इस में गवारा तथा चालिं गायी जाती है। ग्वारा गायन में शब्द कम परंतु अलग अलग ताल में रचना को लम्बा करके गाई जाती है। चालिं गवारा गायन से छोटा होता है। जिसमें ज़्यादातर एक ही ताल बजता है। दाफा गायन सुंदर गायन शैली है।

प्रश्न : ललितपुर जिला में नेवारी संगीत का प्रभुत्त्व कितना है ?

उत्तर : उपत्येका के तीनों नेवारी मुख्य शहर में से ललितपुर का एक अलग सा व्यक्तित्व एवं अपने संस्कृति, कला, कौशल इत्यादि में विशाल शहर है। पूर्वजों का योगदान एवं मेहनत हम अभी भी इस नगर

की परिक्रमा करकर देख सकते हैं। इस शहर में नेवारी संगीत की प्रभुत्त्व की बात करे तो प्राचीन काल से तो कम हुआ है परंतु अभि भी माहोल तो अच्छा है। यहा पे लगभग चालीस दाफा समूह अभी भी निरंतर रूप में चल रहे हैं जिसमें वर्ष के मुख्य तीन महिने श्रावण, भाद्र और माघ महिने में नित्य भजन किए जाते है। बाकी जात्रा-पर्व, त्यौहार इत्यादि में गायन वादन किया जाता है। वर्तमान समय में दाफा संगीत के अलावा नेवारी एलबम गीत, फिल्मी गीत भी लोगों में छाया हुआ है। अन्य भाषा के गीत के साथ साथ नेवारी गीत भी सुनने की इच्छा रखते हैं।

प्रश्न : नेवारी संस्कृति एवं संगीत की उत्थान के लिए किस प्रकार के प्रयास हो रहे है ?

उत्तर : इस नगर में वर्तमान समय में अपनी संस्कृति एवं संगीत के उत्थान के लिए अगर नगर के भीतर भाग में शादी हो और वाद्यों का प्रयोग करना हो तो केवल नेवारी वाद्य का ही प्रयोग करने का नियम लागू किया है। अन्य प्रकार के डीजे, बैंड बाजा बजाना निषेध किया है। इस प्रकार के प्रयास नगर की कुछ संस्थाओं द्वारा जारी है।

नेवारी वाद्य प्रशिक्षक एवं कलाकार – 'नरेश महर्जन'

प्रश्न : आप का परिचय ?

उत्तर : मैं नरेश महर्जन, वर्तमान समय में 'राष्ट्रीय नाच घर' जमल काठमांडू में वाद्य प्रशिक्षक के पद में कार्यरत हूं।

प्रश्न : आप वाद्य वादन में कौन कौन सा वाद्य सिखाते हैं ?

उत्तर : मैं वाद्य वादन में ज़्यादातर नेवारी संगीत में प्रयोग अवनद्ध वाद्य जैसे नाय् खिं, पछिमा, खिं, धिमे इत्यादि के साथ साथ मादल, तबला, पोंगा वाद्य भी सिखाता हूं। समय समय में 'काठमांडू बाजा पुचः' एक समूह है जिसमें विभिन्न वर्कशॉप, ट्रेनिंग देने का काम भी करता हूं। और आर्केस्ट्रा बैंड में भी संलग्न हूं।

प्रश्न : आप दाफा गायन में संगत करते हैं ?

उत्तर : जी कभी कभी। दाफा गायन में संगत के लिए बहुत ज्यादा अभ्यास चाहिए जो मैं ज्यादा समय दे नहीं पारहा हूं। परंतु मुझे नेवारी वाद्य बजाना बहुत पसंद है। दाफा गायन में एक ही भजन में अनेक ताल का मिश्रण, समान, दुगुन की लय बजाना आनंदमय लगता है।

प्रश्न : अभी की नई पीढ़ी कौन सा नेवारी वाद्य बजाने में रुचि रखते है ?

उत्तर : अभी की नई पीढ़ी ज़्यादातर धिमे, बांसुरी इत्यादि बजाने में इच्छित है क्योंकि यह वाद्य बजाना आसान है और बांसुरी में अपनी मन पसंद धुन तथा गीत बाजा सकते है। बाकी के वाद्य सीखने वाले भी है परंतु अल्प है।

प्रश्न : तो नई पीढ़ियों को नेवारी संगीत के प्रति किस प्रकार रुचि को बढ़ाया जाए ताकि इस संगीत का संरक्षण कर सके ?

उत्तर : मुझे लगता है कि जिस वाद्य तथा गायन में नवीकरण कर सकते है उनमें नया नया तरीका निकालकर विद्यार्थी को सिखाना चाहिए। उसके बाद प्रस्तुतीकरण देने की अवसर देना चाहिए तब जाके नई पीढ़ियों को नेवारी संगीत के प्रति आकर्षित कर सकेंगे। सरकार की तरफ से इस कार्य के लिए प्रोत्सान एवं सहयोग देने होंगे। अपनी लोक संस्कृति का जागरण एवं संरक्षण करने की कार्यप्रणाली बनाकर आगे बढ़ानी होगी। वर्तमान समय में महिलाओं की भी सहभागिता देखने को मिलती है जो बहुत सकारात्मक बात है। नेवारी दाफा समूह के गुरु तथा अन्य सदस्य मिलकर सभी इच्छुक व्यक्तियों को सीखने का अवसर देना चाहिए, चाहे वह महिला हो या निम्न जाति के लोग हो।

नेवारी दाफा वाद्य गुरु – 'मुक्तिनाथ महर्जन'

प्रश्न : आप का परिचय ?

उत्तर : मैं काठमांडू कीर्तिपुर निवासी मुक्तिनाथ महर्जन। मैं कीर्तिपुर तननी दाफा समूह में वाद्य गुरु हूँ।

प्रश्न : आप ने वाद्य बजाना कैसे सीखा ?

उत्तर : मुझे बचपन से संगीत में रुचि थी इसलिए दाफा समूह में जाकर सुनता था। दाफा समूह में जाते जाते सीखने की इच्छा होने लगी और गुरु के सानिध्य में जाकर सीखने लगा। आज उन्ही के आशीर्वाद और प्यार के कारण में दाफा के वाद्य गुरु के स्थान में हूँ।

प्रश्न : आपने लिखित या मौखिक रूप में किस प्रकार सीखा ?

उत्तर : नेवारी संगीत में चाहे गाना हो या बजाना दोनों मौखिक रूप में सिखाया जाता था। तो मैंने भी मौखिक तरीके से सीखा। प्राचीन समय से मौखिक रूप में ही सिखाने की परंपरा चलती आई है इसलिए गुरु को सुनके देखके ही सीखना पड़ता था। यह तरीका शायद सभी नेवारी दाफा समूह में होगा ऐसा मेरा मानना है। परंतु वर्तमान समय में लिखने की परम्परा प्रचलन में आ रही है।

प्रश्न : दाफा संगीत किस प्रकार की गायन शैली है ?

उत्तर : दाफा संगीत निश्चित स्वर तथा ताल में बंधा हुआ गायन वादन शैली है। यह राग में निबद्ध होता है। प्राचीन समय से गुरु शिष्य परम्परा में सिखाया जाता है।

प्रश्न : दाफा गीत में क्या क्या गीत प्रकार गया जाता है और कितने समय अवधि तक गाया जाता है ?

उत्तर : दाफा गीत में गवारा गायन होता है जो लम्बा समय लेकर गाते है। एक गवारा रचना गाने में लगभग 45-50 मिनट या ज्यादा से ज्यादा एक घण्टा तक गाया जाता है। उसके बाद चालिं गीत गाते है जिसमे गवारा गीत से कम समय लगता है। बाकी के ऋतु तथा चाडपर्व और वार के आधार पर भजन गीत गाया जाता है जो नेवारी लोक धुन में निबद्ध होता है।

प्रश्न : कीर्तिपुर में कौन कौन से समय में दाफा तथा अन्य गीत प्रकार गाया जाता है ?

उत्तर : कीर्तिपुर में भी अन्य नेवारी स्थानों के तरह वर्ष के मुख्य तीन महीने श्रावण, भाद्र तथा माघ में प्रत्येक दिन गायन तथा वादन करने की परंपरा है। नेवारी संस्कृति के आधार पर कोई एक चाडपर्व होती है। जो वर्ष भर मनाई जाती है उसमें पर्वों और जात्रा के दिन दाफा गायन करते है। दाफा संगीत के अलावा कीर्तिपुर में विभिन्न भजन समूह है जिसमे विभिन्न देवदेवियों के भजन तथा बरहमासे गीत, धुन गाया बजाया जाता है।

प्रश्न : परंपरागत रूप में दाफा गायन वादन सीखने के बाद विद्यार्थी अपनी प्रस्तुति में परिपक्कता लाने के लिए क्या करते हैं ?

उत्तर : दाफा संगीत में अपनी टोल(सोसाइटी) में इच्छुक व्यक्तियों के समूह बनाकर तीन या छे महीने प्रत्येक दिन सिखाया जाता है। इतना सीखने के बाद भी यदी विद्यार्थी को गाना तथा बजाने में निपुणता नहीं मिलती तब उस विद्यार्थी को दाफा गायन के समय आके सुनना तथा बजाने की जरूरत होती है तभ जाके धीरे धीरे उसमें निखरता आएगी।

प्रश्न : कीर्तिपुर में नेवारी संगीत के उत्थान के लिए स्थानीय निकाय द्वारा कितना साथ है ?

उत्तर : मुझे लगता है कि नेवारी जाति की पहचान ही नेवारी संस्कृति तथा संगीत में होती है। इसलिए जो परम्परा अभी तक चल रही है उसके संरक्षण की बहुत आवश्यक है क्योंकि अभी के युवा पीढ़ी नेवारी संगीत से हट रहे है। अपनी पहचान को बढ़ाना हो तो नेवारी आम जनता एवं सरकारी निकाय द्वारा आवश्यक पहल करनी चाहिए। कीर्तिपुर में कभी कभी नगरपालिका तथा अन्य संस्था द्वारा नेवारी दाफा

संगीत के कार्यक्रम होते है। जैसे कि 2018 में नगरपालिका द्वारा आयोजित दाफा गायन प्रस्तुति करके कार्यक्रम किया गया था जिसमें सभी कीर्तिपुर नगरपालिका के दाफा समूह की सहभागिता थी। इस प्रकार के कार्यक्रम से नेवारि कलाकारों को हौसला देने का काम होगा तो ही हमारी नेवारी जाति के संगीत एवं संस्कृति को पूरे देश तथा विदेशों तक पहुचाने के कार्य में सफल होंगे।

5.2 जनमानस में नेवारी संगीत की लोकप्रियता

